# झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग,

कालीनगर, चायबगान, नामकोम, राँची–834010.
e-mail- jharkhand_ssc@rediffmail.com

## विज्ञापन संख्या–03/2026
## झारखण्ड इन्टरमीडिएट स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2026
## (नियमित रिक्ति)

### आवश्यक सूचना संख्या–01

दिनांक–30.07.2026

झारखण्ड इन्टरमीडिएट स्तरीय संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा–2026 (विज्ञापन संख्या–03/2026) के लिए ऑन–लाईन (Online) आवेदन समर्पित करने हेतु दिनांक–20.07.2026 से दिनांक–19.08.2026 तक तिथि निर्धारित की गयी थी।

2. अभ्यर्थियों से आवेदन प्राप्त करने के निमित्त विज्ञापन के नियमों एवं शर्तों के अधीन ऑनलाईन प्रक्रिया में कतिपय सुधार की कार्रवाई के कारण आवेदन समर्पित करने की तिथि को निम्नांकित रूप से संशोधित किया जाता हैः–

| क्र0सं0 | आवेदन समर्पित करने के स्तर | पूर्व निर्धारित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1. | रजिस्ट्रेशन करने, सूचना दर्ज करने हेतु। | दिनांक–20.07.2026 से दिनांक–19.08.2026 के मध्य रात्रि तक। | दिनांक–05.08.2026 से दिनांक–04.09.2026 के मध्य रात्रि तक। |
| 2. | परीक्षा शुल्क भुगतान करने तथा फोटो एवं हस्ताक्षर अपलोड कर आवेदन पत्र का प्रिंटआउट लेने के लिए। | दिनांक–20.08.2026 के मध्य रात्रि तक। | दिनांक–05.09.2026 के मध्य रात्रि तक। |
| 3. | ऑनलाईन आवेदन पत्र में की गई किसी भी अशुद्ध प्रविष्टि को संशोधित करने के लिए। | दिनांक–21.08.2026 से दिनांक–23.08.2026 के मध्य रात्रि तक। | दिनांक–06.09.2026 से दिनांक–08.09.2026 के मध्य रात्रि तक। |

3. इस अवधि में अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन देने के पूर्व यह पूर्णतः सुनिश्चित हो लें कि वे विज्ञापित पद की शैक्षणिक योग्यता, न्यूनतम/अधिकतम आयु सीमा, आरक्षण की कोटि, स्थानीय निवासी, निःशक्तता कोटि इत्यादि से सम्बन्धी पात्रता के विषय पर प्रकाशित सभी शर्त्तों को पूरा करते हैं एवं आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि को एतद् संबंधी सक्षम स्तर से निर्गत वैध प्रमाण पत्र उनके पास उपलब्ध है।

ह॰/–

परीक्षा नियंत्रक।